दिन–रविवार दिनांक– 05 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार समाप्त। सात मई को अररिया, खगड़िया, मधेपुरा, सुपौल और झंझारपुर में डाले जायेंगें वोट।

02. अंतिम दिन एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने धुआँधार प्रचार किया।

03. चौथे और पाँचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर–शोर से जारी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल समस्तीपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कल से ग्यारह मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जताई।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव प्रचार का शोर आज शाम समाप्त हो गया। सात मई को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होना है। इस चरण में चौवन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। सुपौल में पन्द्रह, खगड़िया में बारह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ और मधेपुरा में आठ उम्मीदवार हैं। इस चरण में अंठानवे लाख साठ हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन संसदीय क्षेत्रों में पहली बार मतदान करने वालों की संख्या लगभग एक लाख पैंतालीस हजार है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने आज अपनी पूरी ताकत झोंक दी। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज झंझारपुर, अररिया और मधेपुरा संसदीय क्षेत्र में अलग–अलग चुनावी सभा को सम्बोधित किया। वहीं, एनडीए की ओर से चिराग पासवान ने मधुबनी में चुनावी रैली में भाग लिया और खगड़िया में रोड शो किया। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि तीसरे चरण के पांच संसदीय क्षेत्रों में झंझारपुर को छोड़कर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है।

———————————————————

मधेपुरा संसदीय क्षेत्र में 20 लाख से अधिक मतदाता आठ प्रत्याशियों के चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे । सुनते हैं हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

–––बाईट–––

मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला मौजूदा सांसद और जदयू के प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव और राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी प्रोफेसर कुमार चंद्रदीप के बीच माना जा रहा है । जदयू प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने क्षेत्र में रहकर कई दिनों तो प्रचार किया, वहीं राजद के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ने भी अलग–अलग विधानसभाओं में जनसभा कर माहौल को अपने उम्मीदवार के पक्ष में करने का प्रयास किया। जिला प्रशासन ने भी शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कराने की तैयारी पूरी तैयारी कर ली है। इधर, नक्सल प्रभावित रहने के कारण एहतियात के तौर पर मधेपुरा लोक सभा क्षेत्र के महिषी में एक सौ सात मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे शाम चार बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मधेपुरा से मनीष वत्स

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

झंझारपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में मुकाबला रोचक होने के आसार हैं ।

–––बाईट–––

जनता दल यूनाइटेड के निवर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल और मुकेश सहनी की नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी के सुमन कुमार महासेठ झंझारपुर से दोनों प्रमुख गठबंधनों के प्रत्याशी हैं । वहीं, राष्ट्रीय जनता दल के बागी उम्मीदवार गुलाब यादव ने बहुजन समाज पार्टी से चुनावी मैदान में उतर कर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है । चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों की ओर से जोरदृशोर से अपने–अपने पक्ष में अलग–अलग तरीकों से चुनाव प्रचार अभियान चलाया गया। महागठबंधन की ओर से राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के काको में सभा की । वहीं एनडीए की ओर से भी चुनाव प्रचार अभियान के तहत बासोपट्टी में लोजपा रामविलास पार्टी के नेता चिराग पासवान ने सभा को संबोधित किया। बीस लाख से अधिक मतदाता सात मई को कुल दस प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए झंझारपुर से आकिल हुसैन

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गठबंधन के प्रत्याशियों के अलावा अन्य उम्मीदवारों ने जमकर पसीना बहाया ।

–––बाईट–––

सुपौल में चुनाव प्रचार का शोर थमने के बाद अब प्रत्याशी और उनके समर्थक घर घर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से समर्थन का अनुरोध कर रहे हैं। प्रचार के अंतिम जदयू के उम्मीदवार दिलेश्वर कामैत ने सुपौल शहर में रोड शो किया। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल के चंद्रहास चौपाल भी दिन भर प्रचार में जुटे। सुपौल सीट से कुल 15 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए और महागठबंधन के प्रत्याशियों के अलावा बहुजन समाज पार्टी की किरण देवी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बागी उम्मीदवार वैद्यनाथ मेहता भी चुनावी मैदान में है। सुपौल संसदीय क्षेत्र में भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जदयू की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहां चुनाव प्रचार किया वहीं राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी कई सभाएं की। इधर, मतदान को देखते हुए सुपौल में नेपाल से लगने वाली बिहार की सीमा को सील कर दिया गया है और चौकसी बढा दी गयी है । आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी ।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

खगडिया संसदीय क्षेत्र में भी महागठबंधन और एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में सभाओं का आयोजन किया गया। एक रिपोर्ट

———बाईट———

खगड़िया संसदीय क्षेत्र से कुल बारह प्रत्याशी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए की ओर से जहां लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने पहली बार चुनाव लड़ रहे राजेश वर्मा को टिकट दिया है वहीं महागठबंधन में यह सीट इस बार सीपीएम के खाते में आयी है। सीपीएम के संजय कुमार कुशवाहा ने भी अपनी पार्टी के लिए राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त प्रचार किया। वहीं लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने खगड़िया में एक रोड शो किया। बहुजन समाज पार्टी के अलावा सात निर्दलीय भी इस सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिला प्रशासन ने दियारा क्षेत्रों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान कोसी प्रमंडल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। आज शाम से भारत नेपाल सीमा को सील कर दिया जायेगा। मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए अस्सी प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों को तैनात किया जा रहा है। झंझारपुर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज से तीन दिनों तक ऐहतियात के तौर पर भारत–नेपाल रेल सेवा के अंतर्गत भंगहा–जनकपुर–जयनगर रेलखंड पर सात मई तक रेलगाड़ियों का परिचालन बन्द रहेगा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे और पाँचवे चरण के लिए प्रचार जोर–शोर से चल रहा है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के माणिकपुर में जनसभा को सम्बोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के जिन मंत्रियों और नेताओं ने गड़बड़ की है उनके खिलाफ जाँच करवाई जायेगी। उन्होंने अपने सम्बोधन मे राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ जमकर निशाना साधा। जनसभा को भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी सम्बोधित किया। वहीं, महागठबंधन की ओर से राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मधुबनी जिले के काको में जनसभा को सम्बोधित किया। एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने मधुबनी के बासोपट्टी में चुनावी रैली को सम्बोधित किया। श्री पासवान ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में एनडीए इसबार चार सौ से अधिक सीटें जीतेगी। इधर, दोनों गठबंधनों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कर रहे है और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल उजियारपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सरायरंजन में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। विकासशील स्वराज पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि इस पहल से महागठबंधन मजबूत होगा

————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात हाजीपुर लोकसभा सीट की। हाजीपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां पांचवें चरण में बीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले वैशाली जिले का हाजीपुर संसदीय क्षेत्र राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। वर्ष उन्नीस सौ सतहत्तर में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के बाद से इस सीट पर रामविलास पासवान और उनके परिवार का प्रभुत्व रहा। श्री पासवान इस सीट पर आठ बार निर्वाचित हुए। वहीं, उनके भाई पशुपति कुमार पारस को पिछले लोकसभा चुनाव में इस सीट पर जीत मिली थी। लोक जनशक्ति पार्टी में टूट के बाद हाजीपुर सीट लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में आई। यहां से इस बार चिराग पासवान अपने पिता की विरासत को बचाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने हैं राजद के शिवचंद्र राम। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर एनडीए और चार पर इंडी गठबंधन का कब्जा है। हाजीपुर और लालगंज विधानसभा क्षेत्र भाजपा के कब्जे में है। वहीं, महुआ, राघोपुर और महनार राजद तथा राजापाकर सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। बिहार की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले हाजीपुर में आज भी विकास प्रमुख चुनावी मुद्दा है। एनडीए गठबंधन से लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार चिराग पासवान जहां केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं, इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार स्थानीय मुद्दों को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

————————————————————————————

वाल्मिकीनगर संसदीय क्षेत्र से मुकाबला अब त्रिकोणीय नजर आ रहा है। कांग्रेस के नेता प्रवेश मिश्रा ने कल महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपना नामांकन दाखिल किया। महागठबंधन में सीट समझौते के तहत राष्ट्रीय जनता दल ने यहां से दीपक यादव को चुनावी मुकाबले में उतारा है वहीं एनडीए की ओर से मौजूदा सांसद सुनील कुमार कुशवाहा फिर से जनता दल यूनाइटेड से चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 के लोक सभा चुनाव में श्री मिश्रा कांग्रेस के प्रत्याशी थे। प्रवेश मिश्रा ने कहा कि वाल्मिकीनगर की जनता की सेवा के लिए वे चुनावी मैदान में हैं।

———बाईट———

———————————————————————————————

पटना के बेउर जेल में बन्द पूर्व विधायक अनंत सिंह को पैरोल पर आज पन्द्रह दिनों के लिए रिहा कर दिया गया। श्री सिंह ने न्यायालय से पारिवारिक कारणों से पैरोल का अनुरोध किया था। इधर, जेल से रिहा होने के बाद अनंत सिंह ने मोकामा क्षेत्र मे घुमघुम कर लोगों से मुलाकात की। बताया जाता है कि उन्होंने अपने समर्थकों से मुंगेर संसदीय क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार का समर्थन करने की अपील की।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल बयासी उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाये गए हैं। कुल एक सौ तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन क्षेत्रों से कुल इक्कीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। सबसे अधिक छब्बीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मुजफ्फरपुर में सही पाये गये। वहीं, सारण और सीतामढ़ी से पंद्रह–पंद्रह, हाजीपुर में चौदह और मधुबनी में बारह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच में सही मिले हैं। उम्मीदवार कल अपना नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————————————————

चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार खर्च का ब्यौरा लेखा पंजी में अंकित नहीं करने पर दरभंगा संसदीय क्षेत्र से राजद के उम्मीदवार ललित कुमार यादव और भाजपा के प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर पर नोटिस जारी किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दोनों प्रत्याशियों को अड़तालीस घंटे के भी लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर–पश्चिमी, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व जिलों मे कल से ग्यारह मई तक बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतमढ़ी, सारण, वैशाली, सुपौल, अररिया किशनगंज और मधेपुरा सहित आस–पास के जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया  कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते राज्य में बारिश की परिस्थितियां बन रही है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लगोरी एसोसिएशन बिहार के तत्वावधान में आज राजेन्द्र नगर के बी.पी सिन्हा फिजिकल एजुकेशन कॉलेज में राज्य स्तरीय जुनियर खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पटना, समस्तीपुर, नालंदा, भोजपुर, जहानाबाद, मुंगेर, जमुई, भागलपुर, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय और सारण के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अंत में मुख्य समाचार............

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार समाप्त। सात मई को अररिया, खगड़िया, मधेपुरा, सुपौल और झंझारपुर में डाले जायेंगें वोट।

02. अंतिम दिन एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने धुआँधार प्रचार किया।

03. चौथे और पाँचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर–शोर से जारी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल समस्तीपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कल से ग्यारह मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जताई।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

समाप्त हुआ।